राज
कॉमिक्स
संख्या 0285
चैम्पियन
किलर
RAJ COMICS
राज
कॉमिक्स
BY MANOJ GUPTA
इस
कॉमिक्स के
साथ एक स्टीकर
13
PRATAP MULICK
सुपरकमांडो
ध्रुव

राजनगर आज दुल्हन की तरह सजा हुआ है।

क्योंकि राजनगर में आज से एक ऐसी 'स्पोर्ट्स मीट' शुरू हो रही है, जिसमें देश-विदेश के, अपने-अपने खेलों के, कई वर्तमान विश्व-चैंपियन हिस्सा ले रहे हैं।

और इस 'इंटरनेशनल स्पोर्ट्स मीट' का शुभारंभ हो रहा है, एक ऐसी 'ग्रैंड मोटरसाइकल रेस' से, जिसके 'रेसिंग-ट्रैक को संसार का सबसे खतरनाक रेसिंग-ट्रैक बनाया गया है।

दर्शकों का शोर बहरा कर देने वाला है। क्योंकि इस रेस में वर्तमान विश्व-चैंपियन *गरेरी गैलीलो* के साथ-साथ एक और जबर्दस्त युवक हिस्सा ले रहा है। – दर्शक एकसाथ चिल्ला रहे हैं...

सुपर कमांडो ध्रुव

कथा एवं चित्र : अनुपम सिन्हा

संपादन : मनीष चंद्र गुप्त

...अब आगे के आँखों देखे विवरण के लिए शाम कुमार!
धन्यवाद, डिमैलो! रेस शुरू हो चुकी है। अभी भी यह कहना बहुत मुश्किल है कि जीत किसकी होगी।
पहले सभी का यही ख्याल था कि यह रेस वर्तमान चैंपियन गैलीलो ही जीतेंगे।...
...लेकिन अब ध्रुव के इस रेस में भाग लेने से स्थिति बदल गई है।...

अब इस जीत के पचास लाख किसके बैंक खाते में जमा होंगे, यह समय ही बताएगा।
गैलीलो एक अच्छा रेसर मालूम होता है।
इसके पास अनुभव भी भरपूर है! इस से यह रेस जीतना आसान नहीं होगा।
ओफ्‌!
नताशा ने यह मुझे कहां फंसा दिया!!

गलती मेरी ही है!
उसको 'इंडियन टाइम्स' के संपादक मोहन राव से मिलाने वाला मैं ही तो था।

एक्सीलेंट, नताशा! तुम्हारी 'अग्निमुख' वाली रिपोर्ट ने तो तहलका मचा दिया है। तुम तो पैदाइशी जर्नलिस्ट हो।
यार, ध्रुव, तुम्हारी खोज तो एकदम हीरा है। कोहिनूर हीरा!
यानि आप को इनका काम पसंद आया।
पसंद आया? अरे, इनके जैसी फोटोग्राफर-रिपोर्टर के लिए तो मेरे पास इतने कांट्रेक्ट हैं कि बस पूछो नहीं।

नताशा, आज से तुम राजनगर में होने वाली 'अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स मीट' को हमारे 'इंडियन टाइम्स' की तरफ से कवर करोगी।
यह मीट परसों से शुरू हो रही है।
इंडियन टाइम्स
ओ० के०, मि० राव!

पर मुझे क्या मालूम था कि मैं अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा हूं।
अब जोसफ की तबियत कैसी है, डा० पुरी?
बुखार तेज हो गया है, नताशा! फ्लू का केस है। जोसफ को ठीक होने में कम से कम तीन दिन लगेंगे।
तीन दिन?

लेकिन मोटरसाइकल रेस तो कल ही होने वाली है! और आप जानते ही हैं कि जोसफ इस रेस में भारत का एकमात्र रेसर है!
मुझे मालूम है, नताशा! लेकिन जोसफ का इस रेस में भाग ले पाना असंभव है! अब इस रेस में भारत का प्रतिनिधित्व कौन करेगा; मुझे नहीं मालूम!

लेकिन मुझे पता है!
एक ऐसा मोटर साइकल सवार है, जो अगर इस रेस में भाग लेने को तैयार हो गया तो गैलीलो का भी बाजा बजा देगा!
अच्छा!
कौन है वह सुपरमैन?

और फिर नताशा ने मुझपर चारों तरफ से इतना दबाव डलवाया कि अपने देश की इज्जत बचाने के लिए, मुझे न चाहते हुए भी इस रेस में भाग लेना पड़ा!
लेकिन अब जब मैं इस रेस में हिस्सा ले ही चुका हूं, तो जीतने की कोशिश तो... ओफ्फ! रेस का ट्रैक तो बहुत खतरनाक बनाया गया है!...

रेस का ट्रैक सचमुच इतना खतरनाक बनाया गया था—
कि तीन-चौथाई ट्रैक पार करते करते—
रेस में सिर्फ दो ही मोटरसाइकल बची थीं!
वर्ल्ड चैंपियन ग्रेरी गैलीलो की और...

...सुपर कमांडो ध्रुव की-
अब दोनों मोटरसाइकलें रेस के उस हिस्से में आ गई थीं, जो सबसे खतरनाक भी था, और दर्शकों तथा कैमरों की नजरों से ओझल भी!

रेसिंग ट्रैक के इस भाग में एक हल्की सी भी चूक का मतलब था...

-रेस से बाहर हो जाना!
अब इस रेस का विजेता लगभग तय हो चुका था।
क्योंकि 'समाप्ति-रेखा' अब कुछ ही दूर थी।
अब वह क्षण आने ही वाला था, जिसका ध्रुव को भी बेकरारी से इंतजार था-

-और किसी और को भी-
कोई आ रहा है!
हेलमेट के अंदर से चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है!
लेकिन यह जरूर गैलीलो ही होगा!
गैलीलो के रहते यह खतरनाक रेस और कोई जीत ही नहीं सकता!

इससे पहले कि ध्रुव समाप्ति रेखा तक पहुंच पाता- एक आकृति उसके और समाप्ति रेखा के बीच में आ खड़ी हुई।
?
रेस जीतने के लिए बधाई हो, चैंपियन गैलीलो!
इस जीत का इनाम हम तुम को अपने हाथ से देना चाहते हैं!...
मौत का इनाम!

अगले ही पल-जमीन एक धमाके के साथ फट पड़ी।
लेकिन ध्रुव को आने वाले खतरे का आभास एक क्षण पहले हो चुका था।
और उसकी मोटरसाइकल खतरा आने से पहले ही खतरे को पार कर चुकी थी।
बारूदी सुरंग!
धड़ाम
...यानि यह आदमी गैलीलो को जान से मारना चाहता है!
और इसकी तैयारी इसने बहुत पहले से कर रखी है!

धमाका दूर-दूर तक सुनाई पड़ा।
यह धमाका कैसा है?
पहाड़ियों की वजह से कुछ दिखाई नहीं पड़ता! जरूर कोई खतरनाक हादसा हुआ है!
आप मेरे साथ आइए, डॉ॰ पुरी! अगर कोई घायल हुआ होगा तो आप की ही जरूरत पड़ेगी!

नताशा का डर सही था।
किसी को जल्दी ही डॉक्टर की जरूरत पड़ने वाली थी।
आश्चर्य है!!
तू धमाके से बच कैसे गया, गैलीलो?
यह मुझे गैलीलो समझ रहा है!...
लेकिन गैलीलो को यह जान से क्यों मारना...
आह!
तू जानता है कि तू चैंपियन बनने लायक नहीं है! तू धोखे से चैंपियन बना है!
पर घबरा मत! मैं तुझे जान से नहीं मारूंगा! मैं तुझे एक ऐसा अपाहिज बना दूंगा, जिसकी बाकी जिंदगी अब बिस्तर पर कटेगी!
यह क्या बक रहा है, मेरी समझ में तो कुछ नहीं आ रहा है!
इतनी जोरदार लात पड़ी है कि तारे ही तारे नजर आ रहे हैं!
अब तक तो सिर्फ इतना ही समझ में आया है कि इस की मोटरसाइकल बहुत तेज चलती है।
रुको! मेरी बात सुनो! मैं गैलीलो नहीं...
हाहाहा! अब तुम अपने नाम को भी धोखा देना चाहते हो! लगता है कि अपाहिज होने की बात सुनकर तुम घबरा गए हो!
लेकिन चिंता मत करो, गैलीलो!
तुम अस्पताल में अकेले नहीं रहोगे! मैं तुम्हारा साथ देने के लिए जेरी, ड्रेजलर, सारादोना को भी जल्दी ही वहां भेज दूंगा!
बस एक सेकेंड और ऐसे ही शांत खड़े रहो!...
फिर तुम्हारी मुसीबत की घड़ियां खत्म हो जाएंगी!
यह तो बहुत तेज गति से मेरी तरफ आ रहा है!
और आसपास बचने की कोई जगह नहीं है! इसीलिए अब...
..धरती मैया की शरण लेनी पड़ेगी!
ध्रुव के पास सिर्फ एक सेकेंड के सौवें हिस्से का समय था।
लेकिन ध्रुव के लिए इतना समय बहुत था।
जब तक 'चैंपियन-किलर' की मोटर-साइकल उस तक पहुंचती। -

... तब तक मैं अपनी पोजीशन...!

अरे!

चैंपियन किलर की मोटरसाइकल इतनी ही देर में वापस घूमकर फिर से ध्रुव की तरफ बढ़ रही थी।

यह आदमी तो जबर्दस्त फुर्तीला लगता है!

इससे ज्यादा देर तक लड़ाई कर पाना संभव नहीं लगता!

इसीलिए अब यह लड़ाई जल्दी से जल्दी खत्म करनी होगी!

इस बार इसकी मोटर-साइकल की तेज गति ही इसकी हार का कारण बनेगी!

यह क्या करना चाहता है?

चैंपियन किलर को एक सेकेंड बाद ही अपने सवाल का जवाब मिल गया।

खतरा भांपने के बाद भी, तेज गति के कारण चैंपियन किलर को झुकने तक का मौका नहीं मिला।

तड़ाक्क

मोटरसाइकल चैंपियन किलर के नीचे से सरसराती हुई निकल गई।

अब ध्रुव और चैंपियन किलर दोनों ही बगैर किसी सवारी के थे।

अब मुकाबला बराबरी का था।

या-शायद नहीं था।
क्योंकि चैंपियन किलर पूरी तैयारी के साथ आया था, और ध्रुव को ऐसे किसी खतरे की आशंका नहीं थी।
ओह! स्पाइक शूज!!
एक जबर्दस्त वार से ध्रुव का हेलमेट हवा में उड़ गया।

और ध्रुव का चेहरा सामने आ गया।
यह तो गैलीलो नहीं... ओफ्!...
अपने सामने गैलीलो के बजाय ध्रुव को देखकर चैंपियन किलर पलभर के लिए रुक गया।
और ध्रुव ने इस मौके को नहीं गंवाया।

लेकिन चैंपियन-किलर आम आदमी नहीं था।
और उसने संभलने में ज्यादा वक्त नहीं लिया।
यह चाहे गैलीलो न हो!...
लेकिन अब इसको जिंदा वापस जाने देना खतरनाक होगा!
क्योंकि मैं मूर्खता में इसको अपना काफी प्लान बता चुका हूं!

और वहां से थोड़ी ही दूर-
अह! संभल कर चलाओ, नताशा! हम लोग किसी रेस में भाग नहीं ले रहे हैं!
यह किसी की जिंदगी और मौत का सवाल हो सकता है, डॉक्टर!
लेकिन अभी तो मुझे अपनी ही जान की खैर नहीं लग रही है!

लेकिन इस वक्त अगर खतरे में किसी की जान थी - तो वह ध्रुव की जान थी।
नुकीली कीलों से जड़ा रेसिंग शूज उसके चेहरे को छेदने के लिए तेजी से बढ़ रहा था।
और उसको अपने शरीर के किसी भी अंग से रोकने का मतलब था...

...खून की कई तेज धारें।
आऊ!
हाहाहाहा! तुमसे लड़ने से मेरी अच्छी प्रैक्टिस हो गई, छोकरे!
लेकिन अब मेरे पास ज्यादा समय नहीं है!...

इसलिए मुझे अब तुम्हारा खेल जल्दी खत्म करना पड़ेगा!
चैंपियन-किलर का पैर ध्रुव के शरीर को छेदने के लिए तेजी से गिरने लगा।

लेकिन ध्रुव के शरीर तक पहुंचने से पहले ही-
आऊ!
नताशा, डॉक्टर के साथ घटना-स्थल तक आ पहुंची थी।
घबराना मत, ध्रुव! अब इससे हम निपट लेंगे!

अब यहां पर रुकना ठीक नहीं है! इनके पीछे और लोग भी आ रहे होंगे!
इस छोकरे का आखिरी वक्त अभी नहीं आया है!

ओह! वह भाग रहा है!
भाग कर जाएगा कहां? हमने पुलिस को इंफार्म कर दिया है!
पुलिस के यहां तक पहुंचते-पहुंचते यह गायब हो चुका होगा!
मुझे इसके पीछे जाना ही होगा!

लेकिन, ध्रुव, तुम्हारे हाथ से खून काफी बह....
घड़ घड़
नताशा की बाकी बात मोटरसाइकल की गड़गड़ाहट में डूब गई।
ध्रुव की मोटरसाइकल चैंपियन किलर का रास्ता रोकने के लिए आगे बढ़ चुकी थी।

इस 'शॉर्टकट' से मैं 'चैंपियन-किलर' की मोटर-साइकल के आगे पहुंच जाऊंगा!

रूक जाओ, मिस्टर चैंपियन किलर! और आत्मसमर्पण कर दो!
चैंपियन-किलर किसी चैंपियन से हार नहीं मानता, चैंपियन!

क्योंकि उसको हराने वाला अभी पैदा नहीं हुआ!
फचाक
चैंपियन किलर ने एक बटन दबाया, और एसिड की एक मोटी धार ने, ध्रुव की मोटरसाइकल के पहिए के धुरे मोम की तरह गला डाले।

और ध्रुव को चैंपियन-किलर का पीछा करने का ख्याल छोड़ देना पड़ा।
आज तो मैं तुम्हें छोड़ देता हूं, चैंपियन!

लेकिन याद रखना!
अगर तेरी ज़ुबान खुली, तो उसको हमेशा के लिए बंद करने को, मैं जरूर वापस आऊंगा!

यह कौन था, ध्रुव ?
पता नहीं ! मुझे सिर्फ इतना मालूम है कि इसने मुझपर गैलीलो के धोखे में हमला किया था !
पर गैलीलो से इसकी क्या दुश्मनी हो सकती है ?
यह तो पता करना पड़ेगा ! मुझे दूसरी बात यह परेशान कर रही है, कि इसने गैलीलो के साथ-साथ तीन और विश्व-चैंपियनों का नाम लिया था !...
... और वे तीनों ही इस 'अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स मीट' में भाग ले रहे हैं ! यह 'चैंपियन किलर' उनपर भी जरूर हमला करने की कोशिश करेगा !
इसको अगर अभी न रोका गया, तो अनर्थ हो जाएगा !
हमको गैलीलो से बात करनी ही पड़ेगी !
लेकिन गैलीलो ध्रुव की कोई मदद न कर सका।
... मैं खुद आश्चर्यचकित हूं ! मेरे जानते हुए मेरा ऐसा कोई दुश्मन नहीं है !
अगर आपको नहीं पता, तो शायद जेरी, ड्रेजलर या सारादोना को पता होगा !
उनका इस घटना से क्या संबंध है ?
कुछ नहीं ! नताशा ने सोचा कि शायद आपके साथी खिलाड़ी कुछ जानते हो !
और फिर-
तुमने मुझे यह बताने से क्यों रोका, ध्रुव, कि उस चैंपियन-किलर ने जेरी, ड्रेजलर और सारादोना को भी खत्म करने की धमकी दी है ?
वे सब खिलाड़ी हैं, नताशा !
ऐसी बातों का उनके प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ेगा !
और फिर, इस वक्त उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हम पर है !
फिर हम चैंपियन-किलर को पकड़ेंगे कैसे ?
कल नानाराव स्विमिंग-पूल में तैराकी प्रतियोगिताएं शुरू हो रही हैं। जेरी भी उनमें भाग लेने वाला है !
मुझे पूरा यकीन है कि चैंपियन किलर कल उसपर हमला जरूर करेगा ! तब हम उसको पकड़ सकते हैं !
इसीलिए कल नानाराव इंडोर स्विमिंग पूल में मैं भी मौजूद रहूंगा !
.... 100 मीटर बटरफ्लाई ! और इस स्विमिंग कंपटीशन में भाग ले रहे हैं, वर्तमान वर्ल्ड-चैंपियन जेरेमी जेरी ! लेन नं० एक में हैं हंगरी के ....
1
2
3
4
5
रिलेक्स, ध्रुव ! तुम्हारा चैंपियन-किलर यहां तक कभी नहीं पहुंच सकता ! इस स्टेडियम के अंदर और बाहर, स्पेशल पुलिस के पांच सौ जवान अत्याधुनिक हथियार लिए हुए तैनात हैं !
स्विमिंग-पूल और दर्शकों के बीच में बुलेटप्रूफ शीशे की मोटी और ऊंची दीवार है !

...जिससे अनहोनी अंदर आ जाती है।

यही है वह चैंपियन किलर!

ओह! हमने इस पाइप-होल पर तो ध्यान ही नहीं दिया, जिससे स्विमिंग-पूल में पानी भरा और खाली किया जाता है!

बिजली की सी गति से चैंपियन किलर, जेरी की तरफ बढ़ा।

अगले ही पल - जेरी ने अपनी गर्दन को एक मजबूत शिकंजे में पाया।

पहले से ही सांस रोके जेरी का दम तुरंत घुटने लगा।

उसकी आंखों के डले बाहर उबलने लगे।

मैं जानता था, कि ऐसा हमला होकर रहेगा! लेकिन इस बार चैंपियन किलर मेरे हाथों से बच कर भाग नहीं पाएगा!

छपाक

चैंपियन किलर का हाथ जेरी की गर्दन पर से हट गया।

लेकिन अब तक इस अप्रत्याशित घटना से चकित दूसरे तैराक संभल चुके थे।

ओह! अब ये सारे तैराक एक साथ मेरी तरफ आ रहे हैं!

पर चिंता की कोई बात नहीं है! ऐसी परिस्थिति के लिए मैं पहले से ही तैयार होकर आया हूं!

अगर ये सब जेरी के साथ ही मरना चाहते हैं, तो ऐसा ही सही!

शीशे का एक कैप्सूल फूटा।

और उसमें से एक लाल द्रव निकलकर तेजी से पानी में फैलने और घुलने लगा।

सीवर-पाइप का ढक्कन खुलते ही केमिकल मिला पानी तेजी से उसकी तरफ बढ़ने लगा।
ध्रुव तेजी से स्विमिंग पूल के दूसरे छोर की तरफ तैरने लगा।
अब तक सांस रोकने के बावजूद भी उसको अपने शरीर में हल्की सी अकड़न महसूस हो रही थी।
स्विमिंग पूल के बाहर खड़े सुरक्षा कर्मी असहाय से खड़े देख रहे थे।
वे न तो तैराकों के घायल होने के डर से गोलियां चला सकते थे।
और न ही केमिकल मिले पानी में उतर कर तैराकों को बाहर निकाल सकते थे।

यह भी साफ था कि वे चैंपियन-किलर को भागने से नहीं रोक सकते थे।
ओह! यह सीवर-पाइप के रास्ते से भाग रहा है!
और मैं इसका पीछा भी नहीं कर सकता!
क्योंकि ऐसा करने से मैं भी इस खतरनाक केमिकल की चपेट में आ जाऊंगा!
स्विमिंग-पूल का पानी निकलने में ज्यादा देर नहीं लगी।
लेकिन अब जहां पर दर्शकों का उत्साहित करने वाला शोर होना चाहिए था।...
आ ऽऽऽ ह
ओ ह
आ ह
...वहां पर तैराकों की हल्की कराहें गूंज रही थीं।

सारी सतर्कता के बावजूद, चैंपियन किलर ने ध्रुव को एक बार फिर गहरी मात दे दी थी।

और फिर बाद में -
जेरी की तबियत अब कैसी है, डॉक्टर?
अब वह खतरे से बाहर है, ध्रुव!
लेकिन उसको पूरे बाएं अंग में लकवा मार गया है।
अब वह कभी तैर नहीं पाएगा।

और बाकी तैराक...?
वे सब बिल्कुल ठीक हैं।
उनतक पहुंचते-पहुंचते यह केमिकल इतना पतला हो चुका था, कि उसका असर खत्म हो गया था।

कमांडो-हैडक्वार्टर की तरफ लौटते समय परेशान ध्रुव के दिमाग में कई सवाल घूम रहे थे।

पर उसको किसी भी सवाल का जवाब नहीं मिल रहा था।
डैम इट!
चैंपियन किलर मेरे सामने ही दो वारदातें कर गया, और मैं उसका कुछ बिगाड़ नहीं पाया।
अब तक मुझे यह भी पता नहीं चल पाया है कि वह आखिर है कौन? और ये सब दुस्साहसिक वारदातें वह क्यों कर रहा है?

इसका जवाब तुमको मैं दे सकती हूं, ध्रुव!
नताशा!
तुम क्या जानती हो?
मैंने अपना आर्टिकल लिखने के लिए इस केस पर थोड़ी छानबीन करी है।

तुमको याद होगा कि जब चैंपियन किलर ने तुमपर गैलीलो के धोखे में हमला किया था, तो उसने तीन और खिलाड़ियों के नाम भी लिए थे।
जेरी, सारादोना और ड्रेज़लर के।
हां। मुझे याद है!

मैंने इन चारों खिलाड़ियों के बारे में कुछ पुरानी जानकारी इकट्ठी की है।
और उससे कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

जर्मनी के बॉन शहर के पास एक बहुत बड़ा स्पोर्ट्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट है; जो विश्व स्तर के खिलाड़ियों को पैदा करने के लिए मशहूर है!
ये सभी खिलाड़ी इसी इंस्टीट्यूट से ट्रेनिंग पाए हुए हैं।
यह चारों आपस में गहरे दोस्त रहे हैं, और आज से दो साल पहले ये चारों मामूली स्तर के खिलाड़ी थे।

इनके अपने-अपने क्षेत्रों में विश्व-चैंपियन बनने से सभी को बहुत हैरानी है!
यानि इनकी तरक्की सामान्य नहीं है। पर इससे भी हमको यह पता नहीं चलता कि चैंपियन किलर कौन है।

आगे तो सुनो! इन चारों का आज से कुछ महीने पहले तक एक ही मैनेजर था। इनकी बेशुमार कमाई में से उसको भी हिस्सा मिलता रहता था।
कुछ महीने पहले इनका उससे झगड़ा हो गया। इन लोगों ने उसको पैसा देना बंद कर दिया।

और उसके बाद वह मैनेजर, जिसका नाम कारा था, लापता हो गया। आज तक उसका किसी को कोई पता नहीं है!
तुम्हारा मतलब है कि... कारा ही चैंपियन किलर है?
ठीक समझे!

इसीलिए चैंपियन-किलर इनको, उसके साथ किए गए धोखे की सजा देना चाहता है! कल सारादोना एक प्रदर्शनी फुटबाल मैच में खेलने वाला है। चैंपियन किलर कल उसपर जरूर हमला करेगा!
तुम ठीक कह रही हो! धोखे वाली बात तो चैंपियन किलर ने मुझसे भी की थी। मेरे ख्याल से हमको अब सारादोना से साफ-साफ बात करनी ही पड़ेगी।

सारादोना पर, सारी जानकारी ने, बम का सा काम किया।
तु… तुम्हारा मतलब है कि वह हम सबको अपाहिज कर देना चाहता है?
हां, मिस्टर सारादोना।
मैं आपसे सिर्फ यह जानना चाहती हूं कि आपके ख्याल से यह आदमी कौन हो सकता है।

माई गॉड! यह तो जरूर…
नहीं! मुझे इस बारे में कुछ नहीं मालूम।
आप कुछ बताते बताते रुक गए, मि॰ सारादोना!
क्या बात छुपाना चाहते हैं आप?

अचानक सारादोना की आंखों में वहशीपन उतर आया।
ज्यादा जानना तुम्हारी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है, मि॰ ध्रुव!
जाओ, बच्चे, जाकर कोई और काम करो।
सारादोना अपनी हिफाजत खुद कर सकता है।

तुमने उसकी आंखें देखीं, नताशा? लगता है कि सारादोना कोई ड्रग लेता है।
गैलीलो की आंखे भी ऐसी ही थीं। और जेरी की आँखें मैं देख नहीं पाया।
लगा तो मुझे भी, ध्रुव!
लेकिन आज तक, हर ड्रग टेस्ट से, ये सभी बेदाग बरी हुए हैं।

पर कहीं न कहीं, कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर है।
मेरे सभी सवालों का जवाब चैंपियन किलर के पास है। और कल उसे मेरे हर सवाल का जवाब देना पड़ेगा।

अगले दिन - राजनगर के छोर पर स्थित 'पार्क स्टेडियम' दर्शकों से ठसाठस भरा था। सभी लोग सारादोना की एक झलक पाने के लिए बेताब थे।

सारादोना
सारादोना
सारादोना
शोर बहरा कर देने वाला था।

लेकिन कुछ लोगों को सारादोना में कोई दिलचस्पी नहीं थी।
आज हमारी सुरक्षा-व्यवस्था में कोई कमी नहीं है, ध्रुव! चप्पे-चप्पे पर हमारे जवान तैनात हैं।
हर दर्शक को तलाशी लेने के बाद ही अंदर आने दिया गया है।

सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए हम पूरे मैदान और स्टेडियम पर वीडियो-कैमरों से नजर रखे हुए हैं। दर्शकों और मैदान के बीच में बारह फीट ऊंची जाली लगाई गई है।

एक स्पेशल वीडियो-कैमरा उस बेलून में भी रखा है, जो पूरे मैदान पर एकसाथ नजर रख सकता है।
आज अगर चैंपियन किलर यहां पर आया तो जिंदा वापस नहीं जा पाएगा।

रैफरी की सीटी बजी।...
पर्र्र्र्र
...और साथ ही एक रोमांचक मैच शुरू हो गया।

... सभी दर्शकों की बेताब निगाहें दस नंबर की नीली तथा सफेद जर्सी पर टिकी हुई हैं। जिसको पहने हैं फुटबाल जगत के बेताज बादशाह सांतोस सारादोना!
गेंद इस समय सारादोना के पास है। लेकिन दो विपक्षी खिलाड़ी एक साथ सारादोना की तरफ लपक रहे हैं।
लेकिन उनकी ये कोशिश हमेशा की तरह बेकार साबित हुई।
गेंद को कई विपक्षी खिलाड़ियों से बचाते हुए सारादोना किसी तेज तूफान की तरह गोल-पोस्ट की ओर बढ़ रहे हैं।
अविश्वसनीय गति से खेलते हुए सारादोना 'डी' के अंदर प्रवेश कर चुके हैं। सारे खिलाड़ी पीछे छूट चुके हैं।
सारादोना की गति बहुत तेज है।
अब सारादोना और गोल के बीच में सिर्फ गोलकीपर है।
सारादोना की एक 'रॉकेट किक', और...
..और यह गोल!
मैच का पहला और लाजवाब गोल!
धड़ाक
दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा स्टेडियम कांप उठा।

सारादोना तो ऐसे खेलता है, मानो इसपर भूत आ गया हो। इसके पास इतनी एनर्जी आखिर आती कहां से है?
इस सवाल का जवाब तो मैं भी ढूंढ रहा हूं।

खैर अभी तो मैच देखो! मुझे लगता है कि चैंपियन किलर इतनी सुरक्षा-व्यवस्था देखकर घबरा गया है।
आज वह सारादोना पर हमला करने की हिम्मत नहीं करेगा!
..और गेंद साइड लाइन से बाहर!

ध्रुव ने गेंद उठाते सारादोना को देखा।
और साथ ही साथ उसकी नजर ऊपर उड़ रहे बैलून पर पड़ी।
बैलून से बाहर निकली एक नाल सूरज की रोशनी में चमक रही थी।

तभी अचानक-ध्रुव के आगे एक चिड़िया आ गिरी।
यह क्या?
फट्

इस चिड़िया में तो एक डार्ट धंसी हुई है!
डार्ट!
थ्रो लेंगे दस नंबर की जर्सी में सांतोस सारादोना।

ध्रुव को पूरा मामला समझने में एक पल भी नहीं लगा; और बिना कोई वक्त खोए वह आगे लपका।
सारादोना को कुछ समझ में नहीं आया कि आखिर यह क्या हुआ।
फुटबाल उसके हाथ से छूटकर हवा में उछल गई।
और उसी पल एक डार्ट फुटबाल में आ धंसी।
लगभग तुरंत ही फुटबाल एक हल्के से धमाके के साथ एक अन्य खिलाड़ी के मुंह पर फट गई।
फटाक्
और फुटबाल के अंदर से निकलकर वायुमंडल में फैल रही, हरी गैस का असर तुरंत सामने आ गया।
अह!
यह क्या?
इस फुटबाल के अंदर तो कोई जहरीली गैस भरी हुई थी।
यानि फुटबाल किसी तरह से बदल दी गई थी।
यह जरूर चैंपियन-किलर का ही काम है। पर वह है कहां?
उस बैलून में।
वह उसमें बैठकर 'डार्ट-गन' से डार्ट चला रहा था। उसकी पहली डार्ट और फुटबाल के बीच में तो एक चिड़िया आ गई, लेकिन दूसरी डार्ट--
ओह! उसने गुब्बारे की रस्सी काट दी है। गुब्बारा हवा के झोंके से जंगल की तरफ आ रहा है।
मैं अभी इसको मार गिराता हूं।

रायफल उठी- और गोली भी चली।
लेकिन निशाना नहीं लग सका।
ओह!
धांय
नहीं, इंस्पेक्टर!

बैलून में गोली लगने से उसमें बैठे कैमरामैन की जान भी खतरे में पड़ जाएगी।
मेरे पास इससे बेहतर तरीका है।
चिंचिंचीचीची।
ध्रुव के गले से एक चहचहाहट उभरी...

...और ऊपर उड़ते एक कठफोड़वा ने अपनी उड़ान की दिशा बदल दी।
चींचींचीं!

कठफोड़वा की मजबूत चोंच की एक ही मार बैलून में एक बड़ा छेद कर देने के लिए काफी थी।
फटाक़
फुस्समससस

ओफ्!
बेड़ा गर्क हो जाए इस मनहूस चिड़िया का।
अब इस गुब्बारे से मैं ज्यादा दूर नहीं जा सकता।

गुब्बारे के छेद से निकलती तेज गैस, गुब्बारे को और तेजी से जंगल की ओर ले जाने लगी।
अब तो गुब्बारा और तेजी से भाग रहा है।
लेकिन अब वह धीरे-धीरे नीचे भी आता जा रहा है।

मैं इस बार चैंपियन-किलर को बच कर जाने नहीं दूंगा।

ध्रुव तेज़ी से स्टेडियम के बाहर भागा।

लेकिन स्टेडियम के बाहर पहुंचकर उसको अपनी मोटरसाइकल की जरूरत नहीं पड़ी।

नताशा!

आओ, ध्रुव। जल्दी बैठो! इस बार अगर चैंपियन किलर को तुम नहीं पकड़ पाए, तो मेरी नौकरी चली जाएगी।

PARK STADIU

चींईईईईईईईई

चैंपियन-किलर का ख्याल सही था।
रुको, नताशा।
वह रहा बैलून।
तुम यहीं रुक कर पीछे से मुझे कवर करना।
मैं बेचारे कैमरामैन की तलाश करके उस को अभी लाता हूं।
संभल कर जाना, ध्रुव!
चैंपियन किलर बहुत खतरनाक आदमी है।
जाते हुए ध्रुव की तरफ देख रही नताशा का ध्यान अपने पीछे बिल्कुल भी नहीं था।

जबकि खतरा आगे नहीं - पीछे था।
इस वक्त मुझे यहां से भागना है।
और भागने के लिए मुझे यह जीप चाहिए।
अह!
बेहोश होने से पहले नताशा के गले से एक घुटी चीख निकली।

जो ध्रुव का ध्यान खींचने को काफी थी।
खतरा भांपकर मुड़ने के साथ ही ध्रुव एक्शन में आ चुका था।
?

अगले ही क्षण- हवा में उड़ता हुआ उसका शरीर, चैंपियन-किलर से आ टकराया।
और चैंपियन-किलर जीप से बाहर आ गिरा।
धड़ाम

और फिर ध्रुव ने चैंपियन-किलर को संभलने का मौका नहीं दिया।
टिशं
लेकिन चैंपियन किलर के सामने पहला सवाल भागने का था।
क्योंकि अब पुलिस के आने की संभावना बढ़ रही थी।
तड़
अपनी पूरी कोशिश के बावजूद भी चैंपियन-किलर के लिए ध्रुव से बचना मुश्किल हो रहा था।
धाड़
अब ध्रुव को रोकने का एक ही रास्ता था। और चैंपियन-किलर ने वही रास्ता अपनाया।
धड़ाक
रुक जाओ!
अब अगर जरा सा भी हिले तो यह लड़की फिर कभी होश में नहीं आएगी।
आगे बढ़ता हुआ ध्रुव, ठिठक कर रुक गया।

हाहाहाहा। रुक गया।
लगता है कि तुझे इस छोकरी की जान की बड़ी फिक्र है। अच्छा हुआ कि मुझे यह बात मालूम हो गई।
अब यही छोकरी तेरे लिए तेरी मौत का सामान लेकर आएगी।

अपनी चिता की लकड़ियों का इंतजाम कर लेना, सुपर कमांडो ध्रुव! हाहाहाहाहा।
ध्रुव असहाय सा खड़ा देखता रहा।
और जीप धूल का एक गुबार उठाती हुई, उसकी नजरों से ओझल हो गई।

चैंपियन-किलर की मौजूदगी से कुछ और लोग भी चिंतित थे।
–तो ये है पूरी कहानी, ड्रेजलर!
धड़. धड़. धड़
तुम्हारा क्या ख्याल है, सारादोना?
शक की कोई गुंजाइश नहीं है। यह शख्स वही है।

तब तो इसका जिंदा रहना हमारे लिए खतरनाक है।
उसको रास्ते से हटाना ही होगा। तुम्हारा प्लान क्या है?
हम सब लोग कल ही जर्मनी वापस चलेंगे। वह हम लोगों की तलाश में वहां पर भी जरूर आएगा।

और वहां पर वह अपनी मौत से मिलेगा।
क्योंकि वह पूरा इलाका हमारी मुट्ठी में है।
थप
फट
ठीक कहते हो!
यहां पर हम उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। हम कल ही वापस चलेंगे।

कमांडो फोर्स के हैडक्वार्टर में नताशा के अपहरण की खबर से सन्नाटा सा छा गया।
अब हम क्या कर सकते हैं, ध्रुव?
कुछ नहीं। हमको चैंपियन किलर की तरफ से किसी संदेश का इंतजार करना ही पड़ेगा।

अगर हमने अपनी तरफ से कुछ करने की कोशिश की तो न जाने वह पागल अपराधी नताशा के साथ क्या…!
यह क्या है?
छनाक
ओह!

बाहर तो कोई नजर नहीं आ रहा है।
यह तो शॉटपुट का गोला है। और… इस पर कुछ लिखा भी हुआ है।

कल सुबह मेरे फोन का इंतजार करो, चैंपियन किलर

उस रात कोई भी सो नहीं पाया…
ट्रिन ट्रिन
क्योंकि सभी को सुबह आने वाली फोन कॉल का इंतजार था।

ह…हैलो!
ध्यान से सुन, धोकरे। अगर तू अपनी दोस्त को जिंदा देखना चाहता है…
…तो तुरंत पुराने शहर की बिल्डिंग नं. तीन पर पहुंच।

अगर तू दस मिनट के अंदर यहां पर अकेला नहीं पहुंचा, तो तुझे यहां पर दो जिंदा लोगों के बजाय, सिर्फ एक लाश मिलेगी।
और ध्यान रहे। अकेला का मतलब अकेला!

हाहाहाहा।
अब वह सुपर कमांडो तुझे बचाने जरूर आएगा।…
…लेकिन खुद वहां से जिंदा बचकर नहीं जा पाएगा।

ध्रुव बगैर कोई वक्त खोए पुराने शहर की तरफ रवाना हो चुका था।
पुराने शहर की तो सभी इमारतें म्युनिस्पिलिटी ने खाली करवा दी हैं!
क्योंकि वे उन पुरानी और जर्जर इमारतों को गिराकर, उनकी जगह नया शहर बसाने जा रहे हैं।
और कमांडो हैडक्वार्टर में-
मुझे तो मामला खतरनाक लगता है, करीम! वर्ना ध्रुव को अकेले बुलाने का क्या मतलब है?
राइट, पार्टनर।
हम भी ध्रुव से पांच मिनट की दूरी रखकर यहां से निकलते हैं।
उधर- ध्रुव 'पुराने शहर' पहुंच चुका था।
यह आ गया पुराना शहर!
और उस मोड़ पर है, इमारत नं० तीन!
लेकिन मोड़ मुड़ते ही –
हे मेरे भगवन!
सामने दिख रहे दृश्य की कल्पना भी ध्रुव ने नहीं की थी।
नताशा सचमुच जिंदगी और मौत के बीच में झूल रही थी।
और हर बीतता हुआ पल उसको मौत की तरफ ले जा रहा था।
ओह! चैंपियन-किलर तो कहीं नजर नहीं आ रहा है।
2
3
और नताशा को थामने वाली रस्सी को, आग तेजी से जलाकर पतला करती जा रही है।
तीन नंबर की इमारत के ऊपर जाने के सभी रास्ते तोड़े जा चुके हैं।
अब नताशा तक जल्दी से जल्दी पहुंचने का एक ही रास्ता है। और वह रास्ता इमारत नं० दो से होकर जाता है।

ध्रुव ने अपनी मोटरसाइकल, इमारत नं० दो की तरफ मोड़ दी।

और कुछ ही पलों में ध्रुव इमारत की टूटी-फूटी सीढ़ियां चढ़ रहा था।
घड़ घड़ घड़ घड़

छत पर पहुंचने में ध्रुव को देर नहीं लगी।
अब दोनों इमारतों के बीच में बंधे तार ही नताशा तक पहुंच पाने का एकमात्र जरिया थे।

और ध्रुव उनपर कूदने से पहले एक पल के लिए भी नहीं झिझका।
और सामने छत पर खड़े एक हैलीकॉप्टर पर भी।
उसकी आंखें सामने नताशा पर टिकी हुई थीं।

और वह उस तरफ नहीं देख रहा था, जिधर उसे देखना चाहिए था।
नीचे जमीन पर, लंबा बांस लिए हुए एक आकृति तेजी से ध्रुव की ओर दौड़ रही थी।

लेकिन अगर वह अपने दुश्मन को देख भी पाता तो कुछ ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला था।
वह अपने आप को किसी भी हालत में बचा नहीं सकता था।
मौत अपनी उछाल भर चुकी थी।
हाहाहाहाहा!
मैं जानता था कि तू उस छोकरी तक पहुंचने के लिए इसी तार का इस्तेमाल करेगा।
लेकिन तू यह नहीं जानता था कि तू वहां तक नहीं पहुंच पाएगा।
धड़ाक
ध्रुव के शरीर से दो पैर आकर टकराए...
...और ध्रुव अपना संतुलन खोकर तेजी से नीचे की तरफ गिरने लगा।

जिससे टकराने का नतीजा सिर्फ एक ही था — एक दर्दनाक मौत!

फिर क्या हुआ :

- ☆ ध्रुव अपनी निश्चित लगती मौत को टाल पाया या नहीं?
- ☆ नताशा का क्या हुआ?
- ☆ चैंपियन-किलर का इन दुस्साहसी हमलों के पीछे क्या मकसद था?
- ☆ सारादोना, गैलीलो और ड्रेजलर चैंपियन-किलर को रास्ते से क्यों हटाना चाहते थे?